# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

15 चैत्र, 1934 (श०)
बुधवार, तिथि ——————————
04 अप्रील, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—178

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | .. | 90 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 19 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | .. | 14 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 24 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | . | .. | 13 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 06 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | . | 28 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| | | | कुल योग | 178 |

पुल बनाना

''झ''-*2692. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रूपबांध कचइनियां टोला के बीच नदी में पुल भोराई के पास नदी में पुल तथा नारायणपुर के पास नदी में पुल नहीं होने से दर्जनों गांवों के बीच यातायात में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

''ट''-*2699. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखण्ड के अन्तर्गत तपोवन-वजिरंज पथ से उच्च विद्यालय, कजूर तक पथ का निर्माण आजादी के 65 साल बाद भी नहीं हुआ है, जिससे आवागमन पूर्णत: बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार तपोवन-वजिरंज पथ से उच्च विद्यालय, कजूर तक पथ निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमाबन्दी एवं रसीद कटवाना

''ठ''-*2907. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौंसी प्रखण्ड के अन्तर्गत चान्दन जलाशय योजना (लक्ष्मीपुर डैम) का निर्माण होने पर ग्राम एशोनीया के विस्थापित 87 आदिवासी परिवार को ग्राम गहएजोर पंचायत सापड़हर प्रखण्ड बौंसी में सिंचाई विभाग द्वारा 240 एकड़ जमीन खरीदकर वर्ष 1968 में बसाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विस्थापित परिवारों को सिंचाई विभाग द्वारा मात्र नक्शा एवं खतियान दिया गया लेकिन लोगों के नाम से जमीन रजिस्ट्री एवं जमाबन्दी कायम नहीं किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विस्थापित 87 परिवार को जमीन की जमाबन्दी एवं रसीद कटवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*3230. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नी सैदपुर प्रखण्ड के शांति देवी, पति-लक्ष्मी पासवान, धनमन्ती देवी, पति-महेन्द्र पासवान, मिना खातुन, पति-मुस्लीय बैठा, गगिया देवी पति-दुखन पंडित, मु० राम दुलारी देवी, पति-स्व० जतन ठाकुर सभी ग्राम प्रेमनगर सहित 200 अनुसूचित जाति/अल्पसंख्यक एवं अन्य जाति को इंदिरा आवास का पहला किस्त 2 वर्ष पूर्व भुगतान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जाति के परिवारों को पहली किस्त मिलने के कारण लिंटर तक का कार्य हुआ एवं दूसरा किस्त अभीतक नहीं मिलने के कारण इंदिरा आवास अभीतक पूर्ण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित परिवारों को दूसरे किस्त का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''झ''-दिनांक 28 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।
''ट''-दिनांक 28 मार्च, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।
''ठ''-दिनांक 29 मार्च, 2012 को सदन द्वारा जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

पथ का निर्माण

*3231. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर संजात पथ पूरी तरह जर्जर होने से एवं बड़ा-बड़ा गड्ढ़ा बन जाने के कारण पचास हजार से अधिक आबादी के लोगों का आवागमन अवरुध है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला समाहर्ता अपने पत्रांक 1551, दिनांक 25 अगस्त, 2011 द्वारा सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं पत्रांक 1549, दिनांक 25 अगस्त, 2011 द्वारा डी०जी० NRR.DA(MORD) न्यू दिल्ली को पत्र भेजकर तीन पथ के निर्माण की स्वीकृति देने हेतु विशेष आग्रह किया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त तीन पथों में दो पथ स्वीकृति के उपरान्त निर्माण कार्य प्रारम्भ है, परन्तु भगवानपुर-संजात पथ स्वीकृति नहीं मिलने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण हेतु स्वीकृति देने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का जीर्णोद्धार

*3232. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत अस्थावां एवं सरमेरा प्रखण्ड मुख्यालयों में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का आवासीय आवास विगत 10 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण निवासित कर्मियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखण्ड मुख्यालयों में सरकारी आवासीय क्वार्टरों के जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*3233. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एन०एच०डी०पी० फेज 3 के तहत 2004 में बिहार में 1015 कि०मी० सड़कों को फोर लेन करने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृत योजना के तहत मोकामा से मुंगेर तक फोर लेन की जगह 2 लेन जिसमें मोकामा से लक्खीसराय तक 10 मीटर, लक्खीसराय से मुंगेर तक 7 मी० चौड़ाई की सड़क का निर्माण किया जा रहा है, वह प्राक्कलन के विपरित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोकामा से मुंगेर तक फोर लेन सड़क बनाने एवं चौड़ाई को प्राक्कलन के अनुरूप करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*3234. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड अन्तर्गत उच्च विद्यालय, वासुदेवपुर चण्डेल के खतवे टोला से मूनफर महादलित बस्ती होते हुए वासुदेवपुर चण्डेल डाकघर तक जाने वाली सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सेवा नियमित करना

*3235. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सचिवालय भोजशाला, पटना में वर्ष 1982 से 30 आकस्मिक मजदूर लगातार दैनिक मजदूर के रूप में कार्यरत हैं, जिन्हें आजतक नियमित नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि नेता, विरोधी दल के पत्रांक 222 का०/11, दिनांक 19 अक्टूबर, 2011 के द्वारा प्रधान सचिव को पत्र लिखकर इन आकस्मिक मजदूरों को नियमित करने हेतु अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दैनिक मजदूरों की सेवा नियमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का जीर्णोद्धार

*3236. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड उचकागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत राज बलेसरा के ग्राम बलेसरा में अवस्थित राम मनोहर लोहिया सामुदायिक भवन मरम्मती के अभाव में टूट चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक भवन का चहारदीवारी नहीं रहने से पशुओं का निवास स्थल बन गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कराते हुए चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का कालीकरण

*3237. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड में सोहपुर मेनरोड से मंत्रीपुर गाँव होते हुए सुढ़िया गाँव के महादलित बस्ती तक पक्की सड़क नहीं है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*3238. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के कुर्साकांटा प्रखंड अन्तर्गत गुंजन चौक से पीपरा कौआ-कोह गाँव होते हुए कुर्साकांटा प्रखंड मुख्यालय तक प्र०म० ग्राम सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथों का पक्कीकरण

*3239. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखंड के ग्राम खानपुर भरहापुर पुल से ग्राम जौतिपुर से धर्मागत तक, ग्राम सुतिहार आर०ई०ओ० पथ डेरनी से हरिहरपुर होते हुए सलेमपुर होते हुए प्रधान मंत्री सड़क पथ तक एवं प्रखंड परसा के ग्राम अंजनी से दलित टोला होते हुए ग्राम फतेहपुर तक कच्ची सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त तीनों पथ के कच्ची होने के कारण बरसात के दिनों में आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों पथों को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नदी की सफाई

*3240. श्री केदारनाथ सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत माही नदी मिट्टी आदि से भर गया है तथा बांध जीर्ण-शीर्ण हो गया है, जिससे किसानों की फसल सिंचाई के अभाव में नहीं हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदी की सफाई तथा बांध मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चैनल का निर्माण

*3241. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के पंचायत के राधेनगर गाँव कोचहसा वितरणी एवं माली वितरणी के बीच अवस्थित है, लेकिन इसकी भूमि की सिंचाई नहीं, होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिंचाई हेतु प्राकृतिक जल स्त्रोत जो डुमरा से डिंडिर होते हुए इमली चक के पश्चिम से प्रभावित होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जल स्त्रोत को विकसित कर सिंचाई चैनल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

पथ का निर्माण

*3242. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम कटोरिया चाय टोला पथ का निर्माण प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ कटोरिया ग्राम के पास पथ निर्माण विभाग के पथ त्रिमुहान-एकचारी-महागामा (झारखंड) मुख्य मार्ग से निकलती है, सूढ़ीघाट होते हुए कहलगांव शहर तक चार कि०मी० पथ जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शेष चार कि०मी० पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

फ्लाई ओवर का निर्माण

*3243. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 31 पर पूर्णियां जिला के गुलाब बाग से दलकोला के बीच कोई फ्लाई ओवर नहीं रहने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार एन०एच०आई० के दिशा-निर्देश के अनुसार उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर बरसौनी चौक, ढगरूआ चौक, बेलगाछी चौक और वायसी चौक पर फ्लाई ओवर निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*3244. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान-सभा क्षेत्र के ग्राम डिहुरी से सरबद्दा तक पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*3245. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर एन०एच० 28 गाँधी चौक से सरायगंज प्रखण्ड के सरैया चौक एन०एच० 103 प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क तक का निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया गया था, लेकिन उक्त निर्माण कार्य आजतक पूरा नहीं हो सका है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*3246. श्री अरूण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखण्ड के नवादा गाँव से लहियारचक (आलमपुर गौनपुर) तक जाने के लिए (2 कि०मी०) कोई सड़क नहीं रहने के कारण बरसात के समय में आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों गाँवों को पथ उपलब्ध कराने हेतु आहर के बगल से सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*3247. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर शाहकुण्ड पथ के ग्राम चपड़ी से सुढ़ियारी पथ का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 6 वर्ष पूर्व में बनी पथ काफी जर्जर हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*3248. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत गड़खा प्रखण्ड के ग्राम महमदपुर, पक्की सड़क से गाँव के अँतिम छोड़ तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बन रहा है और छपरा सदर प्रखण्ड के एन०एच० 19 के ग्राम बिठणुपुरा के श्री हीरा लाल राय के घर तक भी सड़क के निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़कों के निर्माण में घटिया किस्म के सामान का उपयोग किया जा रहा है, जिसके चलते घटिया निर्माण कार्य हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घटिया काम कराने वाले संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*3249. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कुकुढ़ा ग्राम चिलबिली में मुख्य मंत्री सेतु योजना अन्तर्गत 2010-11 में चयनित पुल का कार्य प्रारम्भ किया गया, परन्तु कार्य अधूरा पड़ा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*3250. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखण्ड में रतौली बागवाड़ा मुख्य सड़क स्थित प्राथमिक विद्यालय, विनोदपुर से विनोदपुर पी०सी०सी० सड़क तक एवं चिह्नित सड़क के मध्य भाग से फतेहपुर ग्राम होते बागवाड़ा पचम्बा सड़क की हालत जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

संस्थान की स्थापना

*3251. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के पसराहा प्रखण्ड में एक भी औ० प्र० केन्द्र (आई० टी० आई०) स्थापित नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में औ० प्र० केन्द्र स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि वर्तमान में खगड़िया जिला अन्तर्गत औ० प्र० संस्थान, खगड़िया स्थापित है । इस संस्थान में खगड़िया जिले के सभी प्रखण्डों के सुयोग्य छात्र/छात्रा प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं ।

खगड़िया जिले के पसराहा प्रखण्ड में औ० प्र० संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव सम्प्रति राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

---------

भवन का निर्माण

*3252. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत बैदा पंचायत के नया टोला में एक भी सामुदायिक भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त टोला में एक सामुदायिक भवन के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*3253. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र के धनपुरा, कछुई, शिवनाथ टोला सहित कई गाँव में पथ नहीं है तथा पथ हेतु जमीन भी नहीं है जिससे गाँव की जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पथ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

जॉब कार्ड देना

*3254. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के पाली, गिरधरपुर, ऐजनीघाट, खुटहा पश्चिम, डुमरी, गंगासराय, तैजपुर, लक्ष्मीपुर आदि पंचायतों में लेबर जॉब कार्ड का वितरण लाभुकों को नहीं किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा आयुक्त, मुंगेर को अपने पत्रांक 130, दिनांक 5 जुलाई, 2011, जिलाधिकारी, लखीसराय को 132, दिनांक 6 जुलाई, 2011 एवं उप-विकास आयुक्त, लखीसराय को भी लिखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के लाभुकों को लेबर जॉब कार्ड उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चेक डैम का निर्माण

*3255. श्री रामेश्वर पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई के सिकन्दरा प्रखण्ड के बहुआर नदी पर धोवघट के सामने चेक डैम तथा अलीगंज प्रखण्ड के अंतर्गत बोड़घट चेक डैम को विभाग द्वारा गत वर्ष सर्वेक्षण कराकर सिंचाई निर्माण के लिये निर्देशित किया था, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त चेक डैमों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य आरम्भ कराना

*3256. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि महानन्दा बेसिन परियोजना का कार्य आरम्भ करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को 750 (सात सौ पचास) करोड़ की राशि वर्ष 2007-08 में उपलब्ध करा दिया गया है, परंतु अबतक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार महानंदा बेसिन परियोजना का कार्य आरम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*3257. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल प्रखण्ड स्थित ग्राम दनिया से झरनामा होते हुए ग्राम कमरा टाड़ तक की पथ जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*3258. श्री रणधीर कुमार सोनी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा आढ़ा पथ लोहान मोड़ से लोहान, लुटौत छठियारा, केवाली महेशपुर होते हुए चेवाड़ा तक 25 कि0मी0 ग्रामीण कार्य विभाग का पथ जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क की मरम्मती

*3259. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परवत्ता प्रखण्ड के रोड नं0 14 भरत खण्ड से नारायणपुर तक 5 कि0मी0 सड़क तीन वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिससे अवागमन अवरुद्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के मरम्मती हेतु भरत खण्ड ग्राम वासी द्वारा कार्यपालक अभियंता, खगड़िया को जनवरी, 2010 एवं फरवरी, 2011 में भी आवेदन-पत्र दिया गया है । लेकिन कार्यपालक अभियंता द्वारा अभीतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का जीर्णोद्धार

*3260. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह --क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत जोगिया से हरिहरगंज भाया-नबीनगर-टंडवा, बरियावा से सलैया भाया ईटवा, तेतरिया से कोईरीडीह सड़क का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2004 में किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों का प्रभार विभाग द्वारा अबतक नहीं लेने से जीर्णोद्धार कार्य नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का प्रभार लेकर जीर्णोद्धार एवं मरम्मती का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जीर्णोद्धार करना

*3261. मो0 आफाक आलम --क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जमालगढ़ प्रखंड के दादर घाट पर निर्मित पुल विगत् 10 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य उक्त पुल के जीर्णोद्धार हेतु एक वर्ष पूर्व पूर्णियां के पथ निर्माण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र लिखा गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*3262. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एन०एच० 80 चिमनी भट्ठा से साविकपुर दामोदरपुर, सामनडीह सड़क प्रधान मंत्री सड़क योजना के अंतर्गत एन०बी०सी०सी० एजेन्सी द्वारा वर्ष 2005 से बनाया जा रहा था, जो तीन वर्ष से अधूरा पड़ा है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पथ को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*3263. श्री ज्ञानचन्द माँझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत गड़खा प्रखंड के ग्राम दुर्ग टोला से ग्राम गोढ़ियाँ टोला होते ग्राम बदलू टोला प्रधान मंत्री सड़क योजना से बनी सड़क तक की सड़क जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यालय का निर्माण

*3264. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा एवं सोनपुर प्रखंड कार्यालय का भवन पुराना एवं जर्जर है जिससे कार्यालय कार्य बाधित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार दिघवारा एवं सोनपुर प्रखंड कार्यालय को नये सिरे से निर्माण कराना चाहती है ?

--------

सड़क का निर्माण

*3265. श्री संजय सिंह ''टाइगर''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड में आरा-सासाराम पथ (एस०एच०-12) से सुढ़ीन गाँव तक जाने वाली सड़क अत्यन्त जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध का जीर्णोद्धार

*3266. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के लकड़ा बाँध, लोढ़िया बाँध, बोका बाँध, झिकुलिया बाँध, घोघा बाँध, जोगीकुंडा बाँध की स्थिति जर्जर है, जिसके कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बाँधों का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पद का सृजन

*3267. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला की स्थापना वर्ष 1991 में हुई है और सभी प्रशासनिक विभाग की जिला इकाई कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला में अबतक जिला अभियंता का पद न तो सृजित की गयी है और न तो कार्य करने के लिए किसी की प्रतिनियुक्ति ही की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाँका जिला में जिला अभियंता का पद सृजित कर पदस्थापना करने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का कालीकरण

*3268. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के फुलवरिया प्रखण्ड के कोयला देवा बाजार से बनीया छापर तक की पथ जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केन्द्र चालू करना

*3269. श्री भोला राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के भोगाँव एवं कदवा पंचायत के उद्‌भव योजनान्तर्गत वर्ष 1985 में सात लघु सिंचाई केन्द्र निर्माण किया गया था, जो अब बंद पड़ा है जिससे किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त लघु सिंचाई केन्द्रों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*3270. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के बभनगामा पंचायत से पिपरा बाजार तक जाने वाली सड़क 09 कि०मी० सड़क 5 वर्षों से जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव से बचाव

*3271. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पू० चम्पारण जिलान्तर्गत बंजरिया प्रखण्ड के खैरी गाँव एवं अनेखा ग्राम एवं सुन्दरपुर गाँव में सिकरहना नदी तथा पू० चम्पारण जिला अंतर्गत बंजरिया प्रखंड के सेमरहिया नदिया टोला एवं चितहा नदिया टोला एवं जगदहा ग्राम से सिलावे नदी का कटाव हो रहा है जिससे ग्रामीणों के बीच भय व्याप्त है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सभी ग्रामों के पास नदी के कटाव से बचाने के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*3272. श्री ललन कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बरौनी थर्मल गुप्ता बांध एन०एच० 31 से रामदीरी होते हुए साहेबपुर कमारण तक की सड़क जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पूर्ण निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का निर्माण

*3273. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के शाहकुंड प्रखंड में घोरपीठिया से हरेरामपुर डीह तथा शाहजादपुर मोड़ से किरणपुर तक की पथ जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारी का स्थानान्तरण

*3274. श्री राम लषण राम ''रमण''—क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राज नगर प्रखंड की 25 पंचायतों एवं अंधराठाढ़ी प्रखंड की 18 पंचायतों में पंचायत सचिव 5 (पाँच) वर्षों से अधिक अवधि से पदस्थापित हैं, जिससे पंचायतों के कार्यान्वयन पर प्रभाव पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निर्धारित अवधि से अधिक समय से पदस्थापित पंचायत सचिवों को स्थानांतरित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मजदूरी का भुगतान

*3275. डॉ० दाउद अली—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत् वर्ष 2011 अगस्त से जूट उद्योग के श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी भुगतान की दर प्रति मजदूर 223 रु० तय किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 6 फरवरी, 2012 को रामेश्वर जूट मिल, मुक्तापुर के प्रबंधन और मान्यता प्राप्त यूनियन रामेश्वर जूट मिल्स मजदूर यूनियन के बीच न्यूनतम मजदूरी की दर से कम भुगतान प्रति मजदूर 204 रु० किया जा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि न्यूनतम मजदूरी का पालन नहीं करने के लिए प्रबंधन को दंडित करने का प्रावधान है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामेश्वर जूट मिल्स, मुक्तापुर में अनुचित श्रम व्यवहार पर रोक लगाने प्रबंधन को दंडित करने और श्रमिकों को उचित मजदूरी भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखंड बनाना

*3276. श्रीमती बीमा भारती—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत प्रखंड रूपौली से काटकर प्रखंड महनपुर बनवाने की स्वीकृति,भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2005 में की गयी है लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि रूपौली प्रखंड 20 पंचायतों का है, प्रखंड रूपौली में पंचायत समितियों की बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमोदन की मांग की गयी थी;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रखंड मुख्यालय से काफी दूरी रहने के कारण विजय लालगंज, विजय महनपुर, मौआ परवल, भिखना, कौंप नाथपुर पंचायतों का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छः पंचायतों को काटकर एक नया महनपुर प्रखंड बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का पक्कीकरण

*3277. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखण्ड के पघाड़ी पंचायत के महादलित टोला से डिहवाड़ स्थान होते हुए सनखेरहा ठाकुरवाड़ी तक की सड़क अंगनी चौधरी आटा चक्की से पी०डब्लू०डी० सड़क बघड़ा तक की सड़क एवं भोला सदा के घर से सिलियाही महादलित टोला तक की सड़क का पक्कीकरण अभीतक नहीं हुआ है, जिससे सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो गई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नहरों का जीर्णोद्धार

*3278. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के अकाली नहर, बरहिमा, कतलापुर वितरणी, हकाम, जलालपुर, शाहपुर, खजुरिया, महम्मदपुर, गोपालपुर उप-वितरणी तथा विशुनपुरा, सिंधवलिया कैनालों में पानी नहीं जाने से हजारों एकड़ भूमि की पटवन प्रतिवर्ष किसानों के द्वारा नहीं की जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक, उक्त नहरों एवं वितरणी को जीर्णोद्धार एवं सफाई कराते हुए पानी देने का विचार रखती है ?

---

पुल का जीर्णोद्धार

*3279. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली में बेलवतिया श्यामपुर पथ में शीतलपुर के आगे चिमनी के निकट पुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार/मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*3280. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अंतर्गत बेलाडीह पंचायत में बेलविहमा महादलितों का एक सबसे बड़ा गाँव है;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०डब्लू०डी० माधोडीह से बेलविहमा होते हुए हरपुर तक जाने वाली सड़क की स्थिति विगत् दस वर्षों से काफी जर्जर है, जिससे बेलविहमा गाँव के महादलितों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पी०डब्लू०डी० माधोडीह से हरपुर तक सड़क निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*3281. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड प्रखंड में पचरुखी बाजार मोड़ से खैरा गाँव तक तथा दरियापुर हसनचक मोड़ से खैरा तक की पथ जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*3282. श्री चन्द्रशेखर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मधेपुरा प्रखंड के अंतर्गत मोछबखड़ा के पास प्रधान मंत्री सड़क से बेतौना होते महेशुआ चौक कचहरी टोला तक की 4 कि०मी० सड़क कच्ची एवं जर्जर है, जिसके कारण आमजनों को यातायात की भारी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*3283. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत धुरियाही ग्राम पंचायत के बुढ़ियाटीकर गाँव में एक भी सामुदायिक भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर की सफाई

*3284. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला गंगटा बांध ऊपर मौरहर नहर योजना 1959 में चालू हुआ, ऊपर मोरहर नहर योजना गुरूआ प्रखंड, गुरारू प्रखंड, कोंच प्रखंड एवं कुछ भाग रफीगंज प्रखंड के क्षेत्र के बुधौल केनाल, डुमरा केनाल का सिंचित क्षेत्र रहने के बावजूद यहां के कृषकों का खेतों का पटवन नहर की सफाई नहीं होने के कारण बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों केनाल नहर की सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*3285. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखण्ड के ग्राम ओरानी से शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखण्ड के ग्राम सुमका तक सडक नहीं है, जिसकी दूरी मात्र 2 कि०मी० है, यदि हां, तो क्या सरकार ओरानी से सुमका तक सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*3286. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखण्डान्तर्गत ग्राम जल्दा, मौजा राघोपुर चक रोड के सामने आहर में पुल और फाल का निर्माण नहीं किये जाने से प्रतिवर्ष सैकड़ों एकड़ फसल की सिंचाई बाधित होती है साथ ही आवागमन में भी काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव में आहर पर पुल एवं फाल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*3287. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान-सभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय तेलता, उच्च विद्यालय लगुआ तथा उच्च विद्यालय, सुधानी में क्रमश: वर्ष 2009-10 में 27 लाख की लागत से विद्यालयों में भवन बनाने हेतु तथा निविदा शर्त के अनुसार संवेदक को एक वर्ष में भवन का कार्य पूरा कर देना था जो अबतक अर्द्धनिर्मित निर्माण कार्य पड़ा है जबकि अधिकांश राशि की निकासी विभागीय पदा० एवं संवेदक के द्वारा कर ली गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित भवन का निर्माण पूरा कराते हुए दोषी पदा० एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पारिश्रमिक का भुगतान

*3288. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों में एस०जी०एस०वाई० अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों का गठन संचालन एवं वित्त पोषण का कार्य समाहर्त्ता के आदेश से एन०जी०ओ० तथा पेसिलेटरों द्वारा पाँच वर्ष पूर्व किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला में विगत पाँच वर्षों से एस०जी०एस०वाई० सहायता समूहों का गठन तथा संचालन करने वाले एन०जी०ओ० एवं पेसिलेटरों के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समुचित कार्रवाई कर पारिश्रमिक का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पुनर्निर्माण

*3289. श्री जनार्दन माँझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर भागलपुर पथ निर्माण विभाग के कुल्हड़िया ग्राम से वासुदेवपुर तक प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत नौ वर्ष पूर्व में 3.10 कि०मी० बनी सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*3290. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया-कटेयां ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क से बिहिया गाँव, मखदुम बाबा होते हुए मुसहर टोली तक सड़क का निर्माण लगभग 15 वर्ष पहले कराया गया था जो जर्जर हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*3291. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड के बरेली ग्राम से पोठिया ग्राम तक जाने वाली सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल लगाना

*3292. श्री राजीव रंजन—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत इस्लामपुर प्रखण्ड में एक भी सोलर ट्यूबवेल नहीं लगाया गया है जिससे किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में सोलर ट्यूबवेल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*3293. श्री दुलालचन्द गोस्वामी—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में वर्ष 2007-08 में बारसोई अनुमंडल कार्यालय एवं वर्ष 2009-10 में अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण कराया गया तथा लोकार्पण भी विभाग के द्वारा किया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली का वायरिंग पंखा, लाईट आदि संवेदक को लगाना था;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों भवनों में विभागीय पदा० एवं संवेदक द्वारा जैसे-तैसे वायरिंग कर खानापूर्ति की गई है तथा पंखा एवं बल्व आदि नहीं लगाया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्युत सामग्री लगाते हुए दोषी संवेदक पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*3294. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अंतर्गत ग्राम सनोखर से बनियड्डा ग्राम तक जाने वाली पथ का निर्माण प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत् किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम बनियाड्डा में की जा रही पथ पर पी०सी०सी० ढलाई घटिया किस्म के हो रहे कार्य की शिकायत मिलने पर प्रश्नकर्ता द्वारा मंत्री एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, भागलपुर 1 से दिनांक 20 फरवरी, 2012 को आग्रह किया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के आग्रह पर मंत्री के आदेश से दिनांक 21 फरवरी, 2012 को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल 1, भागलपुर ने इस पथ की जाँच कर पी०सी०सी० ढलाई के कार्य पर रोक लगा दी गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*3295. श्री चन्द्रशेखर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के घैलाद प्रखंड के झीटकीया चौक से दक्षिण बजरंगबली स्थान से पश्चिम झीटकीया टोला, महुआ जागीर कारू बाबा स्थान मोहनपुर होते हुए बरदाहा श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी से पश्चिम तिलावे नदी के पुल तक की सड़क कच्ची एवं जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*3296. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत नूरसराय प्रखंड के प्रधान मंत्री सड़क योजना से पूर्व में निर्मित पथ जो ग्राम भखरी, मनारा, बारा खुर्द पाण्डेचक, शेरपुर तक जाती है, जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संस्थान खोलना

*3297. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला में एक भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार लक्खीसराय जिला के लक्खीसराय, पिपरिया के वलीपुर, सूर्यगढ़ा के कजरा तथा चानन के मननपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*3298. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बीरौल प्रखण्ड अंतर्गत मनोर भौराम साहजानी से अरगा पुवारी टोला पछवारी टोले होते हुए बहेड़ी प्रखण्ड सीमा तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*3299. श्री राम सेवक हजारी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पूसा प्रखंड अंतर्गत बौस कंपनी चौक से मक्खु चौराहा होते हुए भूषकोल चौक तक जाने वाली पथ जर्जर है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*3300. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत समेली प्रखण्ड के डुमरिया गाँव से भदैया टोला गाँव तक स्क्रू पाईल ब्रिज तथा पक्की सड़क का निर्माण वर्ष 2010 में पूर्ण हुआ है, जो मारा कोशी की धारा से कट रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क के कटने से रोकने हेतु सड़क के दोनों ओर बोल्डर पीचिंग का कार्य कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*3301. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा प्रखण्ड शोकहारा ला०ना० मिश्र मार्केट जो शोकहारा फल मंडी चौक से रेलवे कॉलोनी तक की सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनाने का का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*3302. श्री महेश पासवान—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखण्ड के मधुरा पंचायत के मधुरा ग्राम से देवकली पेकहा तक जाने वाली सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में देवकली घाट में सड़क के बीचो-बीच बतावा धार बहती है जिससे आवागमन बाधित रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण एवं उक्त धार पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*3303. श्री राम सुरत राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गरहा अतरार घाट, अमनौर, वमनगामा, औराई, जाले, मुरैठा, कमतौल तक की सड़क की स्थिति

विगत दो वर्षों से जर्जर रहने के कारण जिला मुख्यालय के साथ ही अन्य जिला आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*3304. श्री बैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रखंड कार्यालय, मोरवा का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असुरक्षित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड कार्यालय परिसर का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल चालू कराना

*3305. श्री अखतरूल इस्लाम शाहिन—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के रूप ना० बेला, चकहासी में निर्मित मिनी स्टेट ट्यूबवेल विद्युत संबंध नहीं होने के कारण बन्द पड़े हैं, जिससे किसानों को सिंचाई कार्य में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार बन्द पड़े उक्त मिनी स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल-जमाव से मुक्ति

*3306. श्री राम सुरत राय—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड स्थित बागमती परियोजना में बाँध निर्माण होने के फलस्वरूप जल-जमाव से उक्त प्रखण्डों के हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों को जल-जमाव से मुक्ति दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय स्थानान्तरित करना

*3307. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नलकूप प्रमंडल, दरभंगा का अवर अनुमंडल, बेनीपुर का कार्यालय सकरी में है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेनीपुर से सकरी की दूरी 25 कि०मी० रहने के कारण किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवर प्रमंडल, बेनीपुर का कार्यालय सकरी से हटाकर बेनीपुर में रखने का विचार रखती है ?

## नहर का निर्माण

*3308. श्री रामचन्द्र सदा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत अलौली अंचल अधीन चऊर लघुरी कचना, कटौंसी, नेहाय, हथौड़ी, चन्दवारी मनडावेय, दिघनी चऊर में बरसात के पानी का जल-जमाव होने से लगभग 08 पंचायत के किसानों की हजारों एकड़ जमीन में खरीफ फसल उपजाने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त चौऊरों का जल निकासी हेतु नहर का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जाँच कराना

*3309. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण-विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंधवारा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत भवानीपुर के लिए वर्ष 2011-12 में 95 इंदिरा आवास निर्माण हेतु कर्णांकित था;

(2) क्या यह बात सही है कि इनमें से 40 व्यक्तियों का खाता खुला ओरिएन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, दरभंगा में परन्तु अभीतक इन लाभार्थियों के खाता में पैसा नहीं गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर लाभार्थियों को राशि देने तथा दोषी पदाधिकारियों को दंडित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का निर्माण

*3310. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखण्ड के तिलरथ चौक से नींगा ग्राम तक की सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## निर्माण करना

*3311. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित आवासीय भवन एवं चहारदीवारी जर्जर हो चुका है तथा गेट नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के आवास की मरम्मती के साथ-साथ प्रखण्ड कार्यालय के चहारदीवारी एवं गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*3312. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड अन्तर्गत ठकुरी पंचायत के मराही टोला में वर्ष 2004 में 17 लाख रुपया से बाहा नदी पर पुल एवं ठकुरी से रजेया तक का पथ का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, परन्तु अबतक उक्त पुल एवं पथ का कार्य पूरा नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ एवं पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*3313. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के पाण्डेयपट्टी विश्व बैंक रोड से दक्षिण परमानन्दपुर सीमा तक जाने वाली सड़क 05 वर्षों से जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*3314. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड के ग्राम सलखनियाँ नहर प्रधानमंत्री सड़क से ग्राम बौसी दलित बस्ती होकर ग्राम तिरहुता हाट महादलित टोला तक जाने वाली सड़क की दूरी 4 कि०मी० है, जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेंशन का भुगतान

*3315.. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि महमद मंजुर आलम सोन नहर प्रमण्डल, खगौल के अधीन अवर प्रमण्डल, अरवल में मेट के पद पर कार्य करते हुए दिनांक 31 अगस्त, 2009 को सेवानिवृत हो चुके हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सेवानिवृत्ति के इतने दिनों बाद भी इन्हें पेंशन आदि का भुगतान नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कर्मचारी को पेंशन भुगतान एवं अन्य देय सुविधा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*3316. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के अन्तर्गत रोसड़ा प्रखण्ड में हिरमिया गाँव से रोसड़ा पावर हाऊस तक जाने वाली सड़क अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*3317. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के नुआंव प्रखण्ड में सातों एवती से सोनवर्षा गांव तक सड़क नहीं है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*3318. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत जयनगर एन० एच० 105 के दोनों किनारे नाला नहीं रहने से सड़क पर पानी जमा हो जाने के कारण आवागमन में कठिनाई हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जयनगर पंचायत भारत-नेपाल का सीमावर्ती बाजार है, जहां एन०एच० 104 एवं एच०एच० 105 गुजराती है तथा यातायात की बहुलता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जयनगर पंचायत के भेलवा चौक से शहीद चौक तक एन०एच० के दोनों किनारे नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*3319. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के पकरीवरावां प्रखण्ड के ग्राम धरहरा से सटे उत्तर कौडिहारी नदी बहती है, जहां पुल नहीं है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*3320. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत गुठनी प्रखण्ड के ग्राम-जमुआव, पचनेरूवा, दरौली के कड़रैलीमठीया, सोनबरसा, कसीहारो सड़क जर्जर होने के कारण आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथों का चौड़ीकरण

*3321. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में रेलवे क्रासिंग नं० 27 पर आवागमन को सुगम बनाने के लिए 40 करोड़ की लागत से रेलवे ओभर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल के दूसरे तरफ का अंतिम छोर चूना भट्ठी एवं लक्ष्मी सागर की तरफ आर०ओ०बी० का अंतिम छोड़ ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है, जो एन०एच० 57 से जुड़ती है तथा लक्ष्मी सागर की तरफ नगर निगम की सड़क को जोड़ती है, दोनों पथों की चौड़ाई मात्र 10 से 12 फीट होने की वजह से जनता को भयंकर जाम का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*3322. श्री इन्द्रदेव मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा-अललपट्टी रेलवे गुमटी के निकट से भाया इंदिरा कॉलोनी होते हुए रघेपुरा तक की सड़क निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2006-07 से प्रारम्भ किया गया है परन्तु आजतक अधूरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप नहीं होने पर वित्तीय वर्ष 2008-09 में तत्कालीन सदस्य द्वारा विभाग को शिकायत की गयी, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास बनाना

*3323. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत दरौली प्रखण्ड के ग्राम गौरी में दिनांक 31 मई, 2007 को हुए अग्निकांड में बी०पी०एल० परिवार छोटेलाल भगत, पिता जसोदा भगत, ललन बैठा, पिता लोरी बैठा, अयोध्या चौहान, पिता नगीना चौहान बिन्दा देवी, पति भगन चौहान का घर जलकर राख हो गया है जिसका इंदिरा आवास का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित व्यक्तियों का इंदिरा आवास बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*3324. श्री (मो०) अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखण्ड अन्तर्गत सोन्था हाट से सुन्दरबाड़ी गांव तक आर०ई०ओ० सड़क का निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र की लगभग 20 हजार जनसंख्या प्रभावित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार सोन्था हाट से सुन्दरबाड़ी आर०ई०ओ० सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*3325. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कोटवा प्रखण्ड के डुमरा ग्राम के महादलित/पासवान टोला में जाने के लिए पथ नहीं है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*3326. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मटिहानी प्रखंड के नया गाँव थाना चौक से सोनापुर भराठ होते गुप्ता लखमिनिया बांध तक एवं बागडोन चौक से गुप्ता लखमिनिया बांध डॉ० मौल सिंह के घर तक एवं महम्मदपुर चौक से सफापुर उच्च विद्यालय तक एवं लालपुर तक की सड़क जर्जर है तथा यातायात बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*3327. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड में नवीनगर-बारुन पथ से हरचनपुर-बैलौरी-सलैया-स्टेशन तक, चरण माली रोड से नावाडीह भाया नरचाही, गंगहर मोड़ से राजपुर भाया करहरा-करहरी-नवीनगर बारुन पथ से गम्हरिया, हुड़राहा, सिघपुर, बलुआरा होते हुए पटखौलिया तक की पथ कच्ची एवं जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

वितरणी का पुनरुद्धार

*3328. डॉ० रणविजय कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सोन उच्चस्तरीय नहर से निःसृत सोनवर्षा माइनर, बांस माइनर, दुलारचक माइनर, निरपुर माइनर, भगौतीपुर माइनर, लट्टा माइनर एवं पटना नहर से निःसृत माली माइनर एवं कोचहासा माइनर से गोह हसपुरा क्षेत्र में सिंचाई का कार्य किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी वितरणियाँ एवं इनसे निकलने वाली उप-वितरणियाँ पूर्णतः ध्वस्त हो चुका है, फलतः सिंचाई पूर्णतः बाधित है तथा निचले स्तर में कभी भी पानी नहीं पहुँच पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वितरणियों एवं उप-वितरणियों का पुरुद्धार करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*3329. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड में भवनपुरा, रतनपुरा एवं मैरया गाँव होकर कहारपुर पहुँच पथ तक गाड़ियों का आवागमन बड़ी संख्या में होने के कारण उक्त सड़क जर्जर हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्यूबवेल लगाना

*3330. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के तरियानी प्रखंड अन्तर्गत पंचायत हिरौता के ग्राम दुम्मा में स्टेट ट्यूबवेल नहीं रहने के कारण हजारों एकड़ में लगी किसानों की फसल को पटवन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्टेट ट्यूबवेल लगाने का विचार रखती है ?

---------

सड़क बनाना

*3331. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार एवं जन्दाहा प्रखंड अन्तर्गत प्रधान मंत्री सड़क योजना के अधीन निर्मित होने वाली 6 सड़कों का निर्माण कार्य करने हेतु वर्ष 2009 में निविदा निकाली गयी थी तथा यह कार्य एन०एम०पी०सी० को सौंपा गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़कों में से महनार बाजार से चकेसो मोड़ से भजीलिशपुर अल्लीपुर, हसनपुर तक जाने वाली सड़क अभीतक नहीं बना है, जिससे इस क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माण कार्य नहीं कराने वाली एजेंसी पर कार्रवाई करते हुए उपरोक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*3332. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत भलुआ से हेठुआ सिसराढ़ तक प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित पथ की हालत जर्जर हो गयी है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है तथा आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*3333. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के बरूराज चनही चौक से सिरसिया होते हुए देवरिया पथ विगत 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर की सफाई

*3334. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआंव प्रखंड के चौरी लक से बनकट गाँव तक आर मेन लाईन नहर का सफाई कई वर्षों से नहीं हुआ है जिसके कारण नहर के निचले छोर तक पानी नहीं पहुँचता है, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक उक्त नहर का सफाई एवं मरम्मत कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवास उपलब्ध कराना

*3335. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बी0पी0एल0 परिवारों को इंदिरा आवास उपलब्ध कराया जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार रोहतास जिला के विक्रमगंज नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत बी0पी0एल0 परिवारों को इंदिरा आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*3336. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज मुख्यालय में कोशी प्रोजेक्ट, नरपतगंज का निर्मित आवासीय कॉलोनी का चहारदीवारी नहीं रहने से आवासित असुरक्षित रहते हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का निर्माण

*3337. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड के मटियरिया पंचायत पिपरा ग्राम से महादलित पिछड़ा वर्ग बस्ती होते हुए सरेया-मानिकपुर जाने वाली पथ का निर्माण कार्य नहीं होने से ग्रामीणों को असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*3338. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत कुर्सा-कांटा प्रखण्ड में सोनामनी गुदाम से सिकटिया गनगई टोला होते हुए कटराहा चौक तक जाने वाली सड़क है तथा लौहांद्र नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क एवं लौहांद्र नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी कराना

*3339. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण के बगहा प्रखंड-2 में दोन कैनाल के 10 आर0डी0 से डढ़िया ग्राम के पास हरहा नदी में ह्यूम पाईप लगाकर पईन का पानी निकासी कराया जाता था, जो वर्ष 2011 में बाढ़ के कारण टूट गया है, यदि हां, तो क्या सरकार 10 आर0डी0 के पास वाले उक्त ह्यूम पाईप को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*3340. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के प्रधान मंत्री सड़क योजनान्तर्गत विगत 2 वर्ष पूर्व बहुआरा से कृष्णवाड़ा होते हुए पातेपुर मुख्यालय तक का सड़क निर्माण किया गया है, लेकिन उक्त सड़क जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन की मरम्मती

*3341. श्री सुमित कुमार सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा, सोनो, चकाय तथा जमुई प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों का आवासीय भवन जीर्ण-शीर्ण हो चुका है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आवासीय भवनों का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*3342. श्री रामानन्द यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत फतुहां प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मौजीपुर के ग्राम दौलतपुर में आजादी के बाद से आजतक पथ का निर्माण कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हां, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*3343. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में विश्व बैंक योजना से 2007-08 में पैकेज नं0 बी0आर0 13, आर0 090 से बी0आर0 13, आर0 106 के अधीन 67 करोड़ रुपये 151.378 कि0मी0 सड़क अप्रील, 2011 तक निर्माण हेतु स्वीकृत किया गया था, जिसमें अबतक एक चौथाई कार्य भी पूरा नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में भारत निर्माण योजना 2008-09 में पैकेज नं0 बी0 आर0 13, आर0 002 से बी0आर0 13, आर0 089 के अधीन 262 करोड़ 56 लाख रुपये 406 कि0मी0 सड़क वर्ष 2010 एवं 2011 तक निर्माण हेतु स्वीकृत किया गया था, जिसमें अबतक आधा कार्य भी पूरा नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार समय पर काम पूरा नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी एवं एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराना चाहती है और नहीं, तो क्यों ?

नहर की उड़ाही

*3344. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत दाउदनगर शहर तेलपा 06 नं० नहर, आगानुर से कुबड़ी 07 नं० नहर एवं अमरा, सैदपुर, रजवाहा की स्थिति दयनीय है एवं नहरों की उड़ाही नहीं हुई है, जिससे क्षेत्र में सूखा के समय समस्या होती है तथा सिंचाई सुविधा नगण्य है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहरों की उड़ाही का काम कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराना

*3345. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि करेह नदी के पश्चिमी तटबंध का निर्माण वर्ष 2011 से कराया जा रहा है, जो कार्य संवेदक द्वारा 290 करोड़ प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है तथा मिट्टी देने के क्रम में रोलर नहीं चलाया जाता है, जिससे बांध में दरार फट गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्य की जाँच कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू कराना

*3346. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परसौनी प्रखंड अंतर्गत परसौनी मेलवार में वर्ष 1984 में कृषि से संबंधित पटवन हेतु नलकूप गाड़ा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पत्रांक 205, दिनांक 30 फरवरी, 2010 एवं पत्रांक 65, दिनांक 5 अप्रील, 2011 को कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, सीतामढ़ी को पत्र देने के बावजूद भी अबतक उक्त नलकूप को चालू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदा० के विरुद्ध जाँच कराकर नलकूप चालू कराने का विचार रखती है ?

--------

पुल का निर्माण

*3347. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू प्रखंड के फतेहाबाद, चांके, सोदागपुर गंडक नदी पर पुल नहीं रहने के कारण मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण, गोपालगंज एवं सीवान जिलों के आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नहरों का पूर्णोद्धार

*3348. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सारण नहर गंडक योजना, कार्य प्रमंडल, छपरा तथा गंडक नहर योजना, कार्य प्रमंडल, मढ़ौरा अंतर्गत सिंचाई हेतु निर्मित मुख्य नहर एवं उसके वितरणियों, उप-वितरणियों तथा लघु नहरों की स्थिति काफी जर्जर है, जिसके कारण किसानों के समक्ष सिंचाई की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मुख्य नहरों, वितरणियों एवं उप-वितरणियों तथा लघु नहरों का पूर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का पक्कीकरण

*3349. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत सेमली प्रखंड के रामनगर गाँव से टीकापट्टी तक की सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में दो जगह मारा कोशी धार एवं टीकापट्टी नागर धार सड़क के बीच से गुजरती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कर उक्त दोनों धार पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*3350. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखंड के पिण्डारूच ग्राम के बलुआहा से पिण्डारूच उच्च विद्यालय तक एवं मुख्य मंत्री सड़क लाधा से कर्जापट्टी एस०एच० 75 तक का सड़क का निर्माण नहीं हुआ है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*3351. श्री संतोष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी विधान-सभा क्षेत्र के डगरूआ प्रखंड के एन०एच० 31 डगरूआ से पश्चिम टोला सोती-चतरा होते हुए कोचैली-डगरूआ गाँव तक की 5 कि०मी० सड़क अत्यन्त जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुख्य सड़क से जोड़ना

*3352. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड के ईसरपुरा गाँव की आबादी 250 से 500 के बीच है लेकिन आजतक मुख्य सड़क अगिआँव से बागा में नहीं जोड़ा गया है जिससे उक्त गाँव के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँवों को मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*3353. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान प्रखण्ड के पथ निर्माण विभाग के पाँरो चौक ग्राम हिरगी से सन्हौली होते हुए बिसहरिया तक जाने वाली पथ कच्ची है, जिससे आवगमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*3354. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखण्ड स्थित पथ निर्माण विभाग की सड़क महुलिया से महादलित टोला होते हुए बिसहरिया श्री मिश्री राम के घर तक की सड़क को विगत् 4 वर्षों से जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*3355. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के के० नगर प्रखण्ड अधीन काझाकोठी स्टेट हाईवे से भाया सर्किट हाउस होते हुए हरिपुर महादलित टोला प्रदीप ऋषि.के घर होकर प्रसादी ऋषि के घर तक जाने वाली पथ जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

दोषियों पर कार्रवाई

*3356. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर में भारत-नेपाल मैत्री विकास योजनान्तर्गत बाल्मीकिनगर बैराज एवं नेपाल के त्रिवेणी आदि क्षेत्रों में नहरों का पुनर्स्थापना कार्य, आउटलेट निर्माण एवं सड़कों का पक्कीकरण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक कमला आदित्या क०लि० द्वारा लोकल पत्थर व बालू से निर्माण करा रही है, जबकि प्राक्कलन के अनुसार शेखपुरा, मिर्जापुर का पत्थर एवं कोईलवर का लाल बालू प्रयोग में लाया जाना है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*3357. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत जिलेबिया मोड़ से सखुआ बगान होते हुए यादव टोला तक जाने वाली सड़क

जर्जर अवस्था में है तथा विगत् पाँच वर्षों से मरम्मतीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*3358. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के धमदाहा प्रखण्ड अधीन डी०पो०टी०, पुरन्दाहा पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से भाया दुर्गा स्थान होते धमदाहा-बनमनखी आर०ई०ओ० पथ तक जाने वाली पथ तथा धमदाहा-बनमनखी आर०ई०ओ० पथ भोटिया से भाया मोरिया मेहता टोला होते उराँव टोला जाने वाली पथ एक लिंक पथ जर्जर स्थिति में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

सड़क का निर्माण

*3359. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के अन्तर्गत तेघड़ा प्रखण्ड में गौड़ा एन०एच० 28 से कसबा रोड तक प्रधान मंत्री रोजगार से स्वीकृत सड़क का कार्य 3 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तालाब की सफाई

*3360. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत राजगीर प्रखण्ड के मेयार, भुई, रटना-हसनपुर, सीमा, ढेरा, हिन्दुपुर, अंडवस, गौरैर बढ़ौना, पथरौरा इत्यादि गाँवों में सिंचाई कार्य हेतु बड़ा तालाब है, जो गाद से भरा हुआ है, जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तालाबों के गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बांध का निर्माण

*3361. श्री ललन राम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत प्रखण्ड देव में बूढ़ा-बूढ़ी बांध का निर्माण कार्य विगत पाँच वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार बूढ़ा-बूढ़ी बांध बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्काकरण

*3362. श्री भाई बीरेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुवनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित रामचन्द्रा से सिकरिया तक वित्तीय वर्ष 2009-10 द्वारा प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में रामचन्द्रा से एक किलो मीटर पूरब सड़क का लेवल बहुत नीचा है, परन्तु बिना उच्चीकरण किये कालीकरण का कार्य किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित स्थल को उच्चीकरण कराते हुए उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*3363. श्री भोला राय--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेया कोठी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत दुधड़ा में ''सुबका पुल'' 11वीं वित्त योजनान्तर्गत जिला परिषद्, सीवान द्वारा चयनित है, परन्तु अबतक पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ की मरम्मती

*3364. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नौगछिया पुलिस जिला के इसमाईलपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर से कैलाबाड़ी एवं ग्राम लक्ष्मीपुर दुर्गा स्थान से मोती सुदन टोला तक जाने वाली 3-3 कि0 मी0 पथ का निर्माण वर्ष 2010-11 में हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों की स्थिति विगत् भीषण बाढ़ के कारण जर्जर हो गई है, जिससे आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*3365. श्रीमती देवंती यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत भरगामा प्रखण्ड में सिरसिया कला पंचायत में भैया राम विसनपुर होते हुए चिरैया को जाने वाली सड़क में बिलेनिया नदी पर बना पुल का पहुँच पथ वर्ष 2008 में कोशी के बाढ़ में टूट गया है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का पहुँच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन की मरम्मती

*3366. श्री पवन कुमार जायसवाल-- क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के तहत विकास कार्यालय भवन विगत आठ वर्षों से बिल्कुल जर्जर अवस्था में है तथा बरसात के दिनों में छत से पानी चूता रहता है जिससे कार्यालय के आवश्यक कागजात भींग कर बर्बाद हो रहे हैं, यदि हां, तो सरकार ढाका प्रखंड के विकास कार्यालय भवन को मरम्मती कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*3367. श्री रामचन्द्र सहनी-- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि (जिला पूर्वी चम्पारण) अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली में कौवाहां घाट से एन0एच0 28ए सेमरा तक (पूर्व कांटा तक) सड़क 4 कि0 मी0 की स्थिति अत्यंत जर्जर है, जिस कारण सेमरा स्टेशन आनेवाले यात्रियों एवं आवासीत समीपवर्ती ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*3368. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत मोहनपुर प्रखण्ड का इटवा बाजार घनी आबादी वाला बाजार है, जहां इटवां बाजार के दक्षिण से बोधगया-मोहनपुर पक्की सड़क तथा बनाही से इटवा के उत्तरी छोर तक पक्की सड़क है और बाजार के दक्षिणी छोर से उत्तरी छोर तक $1\frac{1}{2}$ कि0 मी0 सड़क नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार इटवा बाजार में सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियुक्ति करना

*3369. श्री प्रमोद कुमार सिंह --क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला नजारत स्थापना शाखा, बक्सर द्वारा दिनांक 9 अप्रैल, 2010 को चयन समिति ने निर्णय लेकर 30 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को जल संसाधन विभाग अंतर्गत नियुक्त करने की अनुशंसा पत्रांक 080372, दिनांक 11 मई, 2010 द्वारा की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन, डेहरी द्वारा नियुक्ति नहीं किये जाने पर जिलाधिकारी, बक्सर के पत्रांक 080981, दिनांक 28 दिसम्बर, 2010 द्वारा स्मार-पत्र भेजा गया तथा राज्य महादलित आयोग के पत्रांक 173, दिनांक 24 जून, 2011 मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा के पत्रांक 498, दिनांक 10 जून, 2011 एवं प्रमंडलीय आयुक्त, पटना के पत्रांक 168, दिनांक 7 मई, 2011 द्वारा प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग को अनुशंसित महादलित दैनिक वेतनभोगियों की नियुक्ति करने हेतु अनुरोध किया गया, परन्तु आजतक नियुक्ति नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दैनिक वेतनभोगियों की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है ?

----------

सड़क का निर्माण

*3370. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के अन्तर्गत रोसड़ा विधान-सभा क्षेत्र में टोकनामठ से शाहपुर होते हुए भोरहा-भटन्डी तक सड़क अत्यंत ही जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*3371. श्री (मो०) जावेद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत किशनगंज प्रखण्ड में कोदरा से बेलवा के बीच मुस्लिम टोला तक डोक नदी के कटाव से हजारों एकड़ की फसल बाढ़ में बर्बाद हो जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कटाव को रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क बनाना

*3372. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखण्ड के आमस-नौडिहा मेन रोड से नगमा मोड़ से जय नगर तक पक्की सड़क नहीं रहने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

ट्यूबवेल चालू करना

*3373. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड ताजपुर के पंचायत आधारपुर में ग्राम आधारपुर एवं चकनिजाम में स्टेट ट्यूबवेल पिछले तीन वर्षों से बनकर तैयार है, लेकिन चालू नहीं किया जा सका है, जिससे दोनों स्टेट ट्यूबवेल को चालू नहीं होने से किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त बन्द पड़े दोनों स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*3374. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखण्ड के कोलासी चौक से नक्कीपुर-सिमरिया-बड़गांव-टापू होते हुए कोढ़ा-सेमापुर पी०डब्लू० डी० पथ के मालवाड़ी चौक में मिलने वाली सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में खानपुर धार में कारी कोशी नदी सड़क के बीचो-बीच बहती है जिससे आवागमन बाधित रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कर कारी कोशी नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान कराना

*3375. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्ड अन्तर्गत कौरहिया गांव के बद्री मुखिया एवं अन्य तीन मजदूरों की मृत्यु गुजरात में मजदूरी करते समय वर्ष 2011 में हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के अन्तर्गत स्व० बद्री मुखिया के आश्रित मसोमात सुनैना देवी एवं अन्य तीन मृतक के आश्रितों ने दिनांक 14 मई, 2011 को सभी आवश्यक कागजातों के साथ अनुदान हेतु आवेदन श्रम निरीक्षक, जयनगर को दिया था;

(3) क्या यह बात सही है कि अग्रेतर कार्रवाई होने के बावजूद एक-एक लाख रुपये का अनुदान उपलब्ध नहीं कराये जाने से मृतक के आश्रितों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रितों को अनुदान की राशि भुगतान करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई सुनिश्चित करना

*3376. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने एक पत्र के माध्यम से नालन्दा जिला के एन०एच० 82 से स्टेट हाईवे 71 तक सारे से भाया पुर के बीच भाया नौआँवा तक सड़क का निर्माण कार्य पी०डब्लू०डी० से कराने हेतु पथ निर्माण विभाग को फरवरी, 2011 में लिखा था;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्र के आलोक में विभागीय पत्रांक 1355, दिनांक 23 मार्च, 2011 द्वारा उक्त वर्णित कार्य के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन की मांग कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ से की गई है, परन्तु इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्र के आलोक में कबतक कार्रवाई सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क की मरम्मती

*3377. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर विधान-सभा क्षेत्र के विहिया-तियर पथ, विहिया-चौरस्ता-उमरांवगंज पथ, शाहपुर-भरौली-सरना पथ एवं भरौली-करणामेपुर पथ जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क को मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*3378. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के कचहरी, बढ़ुआ पंचायत से मलिनियां गांव जाने वाली सड़क के मध्य धार बहती है, जहां नशाघाट में पुल नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*3379. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के बरहेता पंचायत के बरहेता पंडित टोला से गोपालपुर पुल तक का नाला विगत 6 वर्षों से पूर्णत: ध्वस्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला ध्वस्त होने के कारण उक्त पंचायत में कृषि की जमीन में जमें पानी की निकासी नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाढ़ से बचाव

*3380. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पू० चम्पारण जिला अन्तर्गत आदापुर प्रखण्ड के भेड़हारी ग्राम से पश्चिम और दक्षिण के कोण पर कड़िया नदी का कटाव हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*3381. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के गुरही पंचायत के जियनगंज महादलित टोला एवं घनखनिया महादलित टोला में सामुदायिक भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*3382. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत सम्पतचक प्रखण्ड में गौरीचक से पुनपुन पथ पुनपुन सुरक्षा बांध का बना है जिसकी स्थिति अत्यंत जर्जर रहने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*3383. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के जदुआपट्टी से बेसाढ़ होते हुए चकमका मेन रोड तक सड़क का कालीकरण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*3384. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमण्डल रोसड़ा के अधीन बाकारपुर चौक से सुलतानपुर, घटहाटोला, महमद्दीपुर पथ का निर्माण वर्ष 2010-11 में प्रारंभ किया गया है जो अभीतक पूर्ण नहीं हो सका है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित पथ का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*3385. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण से सीतामढ़ी एवं नेपाल को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पथ ढाका से फुलवरिया घाट पथ विगत तीन वर्षों से जर्जर स्थिति में है तथा एन०एच०पी०सी० को अनुबंध के आधार पर इसे 5 वर्षों तक देख-रेख/मरम्मत करना है, परन्तु ऐसा नहीं किया जा रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*3386. श्री राम सेवक हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत लढौरा मध्य विद्यालय (मुख्य पथ) से संस्कृत विद्यालय होते हुए धोर नगर गाँव जाने वाली सड़क में लाही पीपर के निकट वर्ष 2004-2007 ई० में बाढ़ आने से सड़क अत्यंत जर्जर एवं कट गया है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कटे हुए सड़क में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*3387. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल मुख्यालय में कोई सरकारी निरीक्षण भवन (गेस्ट हाउस) नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल मुख्यालय होने के कारण उक्त अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों का आवागमन होते रहता है, परन्तु गेस्ट हाउस के अभाव में ठहरने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल मुख्यालय में सरकारी गेस्ट हाउस निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूरा कराना

*3388. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के जीरादेई प्रखण्ड अंतर्गत गड़ाड़ पंचायत और भरौली पंचायत के बीच मियाँ का भटकन एवं तिवारी का भटकन गाँव के बांध एवं पथ की निविदा तीन वर्ष पूर्व हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि निविदा के बाद संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन संवेदक द्वारा आजतक कार्य को निष्पादित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*3389. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के कोरिया गांव के निकट 4 वर्ष पूर्व पुल ध्वस्त हो गया है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*3390. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत परवलपुर प्रखंड के अस्पताल का भवन विगत तीन वर्षों से निर्माणाधीन है, जो अबतक पूर्ण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में उक्त प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के इलाज में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन अस्पताल के भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथों की मरम्मती

*3391. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखंड के सुरहा चट्टी से हथौड़ी पथ तथा चनखेरिया से मनोरथपुर पथ का निर्माण तीन वर्ष पूर्व ही कराया गया था, जिसकी स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*3392. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर बाजार से सरैया पथ 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पी०सी०सी० करना

*3393. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में बाराहाट मुख्य सड़क वन्दी-नारायण पथ से पोस्ट ऑफिस ईशीपुर फील्ड, नया टोला, वदलूगंज, महेशपुर चौक तक पी०सी०सी० सड़क नहीं है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*3394. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के बहुआरा से पातेपुर मुख्यालय तक का सड़क 10 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य ने एक वर्ष पूर्व ग्रामीण विकास विभाग कार्यालय, वैशाली में आवेदन दिया है परन्तु अबतक कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*3395. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत एन०एच० 28 से दुलारपुर पथ, तियाय कुंवर टोल पथ, हादीपुर मल्हीपुर पथ दुलारपुर दादुपुर पथ एवं तियाय पिढ़ौली पथ जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों को निर्माण कर आवागमन सुनिश्चित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*3396. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कमरगामा में बजरंगबली के पास सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सामुदायिक भवन के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*3397. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड में प्रखंड मुख्यालय से ग्राम चौरिया, सिंदुआर तक सड़क नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के अभाव में चौरिया, सिंदुआर, जमुहार, बधबरूआ, लालाडीह, परतापी, कृपाचक एवं मोतीचक की ग्रामीण जनता का आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाराचट्टी से सिंदुआर तक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कम्पनी पर कार्रवाई

*3398. श्री गिरिधारी यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नाबार्ड पेज II के अंतर्गत गाड़े जाने वाले नलकूपों का काम वर्ष 2009-10 में नोएडा की कम्पनी को टर्नकी बेसिस पर दिया गया है, परंतु विगत् तीन वर्षों से नलकूप गाड़ने का काम पूरा नहीं किये जाने के कारण राज्य के किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त काम पूरा नहीं करने वाली कम्पनी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का कालीकरण

*3399. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के कुमारखंड से रोता पुल होते हुए टेंगरहा तक का सड़क का 8 कि०मी० कालीकरण नहीं किया गया है, जिसके कारण उक्त गाँव के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*3400. डॉ० प्रमोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखण्डान्तर्गत कुरकुरी मौजा के बघरा पुल से बेतौड़ा मोड़ तक पूरब की ओर नीरपुरा, बेतौड़ा, बेऊर गाँवों तक जाने के लिए सड़क नहीं है जिसके कारण बेतौड़ा की महादलित बस्ती के महादलितों तथा नीरपुरा, बेऊर की अतिपिछड़ी आबादी सम्पर्क सड़क तक आने में असमर्थ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बघरा पुल से बेतौड़ा मोड़ तक (डेढ़ कि०मी०) सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*3401. श्री राम लषण राम ''रमण''—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड की मदना पंचायत के मैनी ग्राम में सोनलाल महतो के घर से मैनी मुशहरी तक 01 कि०मी० में खरंजा जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*3402. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में आई०टी०आई० के माध्यम से वोकेशनल ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाने का प्रावधान है, तथा उक्त कार्यक्रम हेतु वर्ष 2011 में 7 करोड़ 91 लाख रुपये का आवंटन किया गया है, किन्तु उक्त राशि अभीतक खर्च नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*3403. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर एवं तरैया प्रखण्ड के रसौली उत्तर टोला, चैनपुर उत्तर टोला, सदनवाजपुर, पचमिण्डा, संग्रामपुर एवं नारायणपुर में सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा के नहर में पुल होने के कारण आवागमन बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*3404. श्री संजय सिंह ''टाईगर''—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड में आरा-सहार पथ से देवरियाँ गाँव तक जाने वाली सड़क कच्ची एवं अत्यन्त जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना:
दिनांक 4 अप्रील, 2012 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०), 171 डी०टी०पी०–450